भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4101 का उत्तर

तेलंगाना में आरओबी और आरयूबी का निर्माण

4101. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना में चेवेल्ला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कितने आरओबी और आरयूबी स्वीकृत और पूर्ण किए गए हैं और कितने निर्माणाधीन हैं;

(ख) उक्त कार्यों के लिए स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधियों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सड़क उपरि पुलों/भूमिगत सड़क पुलों के कितने प्रस्ताव लंबित हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या किन्हीं स्वीकृत परियोजनाओं में विलंब हुआ है और यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण, सुविधाओं के स्थानांतरण, लागत के बंटवारे, तेलंगाना सरकार/अन्य एजेंसियों के पास लंबित सांविधिक अनापत्ति सहित परियोजना-वार इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा ऐसे मुद्दों को हल करने और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाएंगे?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर उनके प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव तथा व्यवहार्यता आदि के आधार पर ऐसे कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करके उन्हें शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026 तक)	14,451 अदद (तेलंगाना राज्य में 520 अदद)

01.06.2026 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर लगभग 1,17,492 करोड़ रुपए की लागत वाले 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं जिसमें तेलंगाना राज्य में लगभग 4,883 करोड़ रुपए की लागत से 118 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्य शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

शेवेला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल हैं। इसके अलावा, शेवेला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 43 करोड़ रुपए की लागत पर 04 अदद निचले सड़क पुल के कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

#	समपार विवरण	ऊपरी/निचले सड़क पुल	कार्य की लागत (लगभग करोड़ ₹ में)	टिप्पणियां
1	विकाराबाद - परली खंड पर कि.मी. 10/5-6 पर समपार सं.-8	निचले सड़क पुल	10	रेल पटरियों के नीचे पहले से ही बॉक्स डाले जा चुके हैं। पहुंच मार्ग हिस्से का कार्य शुरू कर दिया गया है।
2	विकाराबाद - परली खंड पर कि.मी. 15/7-8 पर समपार सं.-9	निचले सड़क पुल	13	संविदा आबंटित कर दी गई है।
3	विकाराबाद - परली खंड पर कि.मी. 55/12-14 पर समपार सं.-9	निचले सड़क पुल	14	रेल पटरियों के नीचे पहले से ही बॉक्स डाले जा चुके हैं। पहुंच मार्ग हिस्से का कार्य शुरू कर दिया गया है।

4	विकाराबाद - परली खंड पर कि.मी. 152/4-6 पर समपार सं.-23	निचले सड़क पुल	6	रेलवे द्वारा रेलवे के भाग का कार्य पूरा कर लिया गया है और राज्य सरकार द्वारा पहुंच मार्ग हिस्से का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है।

तेलंगाना राज्य में, 16 अदद ऊपरी सड़क पुलों का कार्य राज्य सरकार के कारण विलंबित है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

क्र. सं.	कारण	ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल (संख्या में)
1.	राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण में विलंब	15
2.	राज्य सरकार द्वारा संरेखण को अंतिम रूप दिया जाना	01

ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्यों का पूरा होना और उनकी कमीशनिंग, समपार को बंद करने में सहमति देने के लिए राज्य सरकार का सहयोग, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करना, सामान्य आरेखण व्यवस्था (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु संबंधी परिस्थितियों आदि के कारण विशिष्ट परियोजना/क्षेत्र के लिए वर्ष में कार्य करने के मौसम की अवधि आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के पूरा होने के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, रेलवे ने कार्य की गति को तेज करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।

ii. ऊपरी/निचले सड़क पुल निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए रेलवे और राज्य सरकार के पदधारियों की आवधिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।

iii. आरेख अनुमोदन के दौरान देरी से बचने के लिए रेलवे के हिस्से पर स्पैन के विभिन्न संयोजनों, तिर्यकता और सड़क की चौड़ाई के लिए अधिसंरचना और उपसंरचना आरेखणों का मानकीकरण किया गया है। इसे एक सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुल के शीघ्र नियोजन के लिए सीधे अपनाया जा सकता है।

*****